ज्युबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड

JUBILANT FOODWORKS

CIN: L74899UP1995PLC043677

पंजीकृत कार्यालयः बी–214, फेज़–2 जिला गौतम बुद्ध नगर, नोएडा – 201305 (उ.प्र.)

दूरभाषः - +91-120-4090500, **फैक्स** : - +91-120-4090599

ई-मेलः investor@jublfood.com **वेबसाइटः** www.jubilantfoodworks.com

20वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, रिमोट ई–वोटिंग और बुक क्लोजर की जानकारी

ज्युबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड (कम्पनी) के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 20वीं वार्षिक आम बैठक, गुरूवार, 3 सितम्बर, 2015 को प्रातः 11:00 बजे, इन्टरनेशनल ट्रेड एक्सपो सेंटर, एक्सपो ड्राइव, ए–11, सेक्टर–62, नोएडा–201301, उ.प्र. में बैठक की सूचना में वर्णित व्यवसायों के लिए आयोजित की जाएगी।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट 2014–15 और बैठक की सूचना का इलेक्ट्रानिक प्रेषण जिन सदस्यों का ई–मेल पता कम्पनी/निक्षेपागार सहभागी में पंजीकृत है और बाकी सदस्यों को भौतिक वितरण के स्वीकार्य मोड से भेजने का कार्य सम्पन्न 4 अगस्त, 2015 को पूरा कर लिया गया है। वार्षिक रिपोर्ट एवं एजीएम सूचना की प्रति कंपनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com एवं CDSL की वेबसाइट www.cdslindia.com पर भी उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) तथा उसके आधीन लागू नियम तथा सूचीबद्धता समझौते के खंड 35 बी के अनुपालन में कम्पनी की बैठक की सूचना में वर्णित व्यवसायों पर वोट करने के लिए सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग (ई–वोटिंग) की सुविधा प्रदान कर रही है। रिमोट ई–वोटिंग के किसी भी प्रश्न के संबंध में www.evotingindia.com पर उपलब्ध सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) सेक्शन देखें या CDSL के श्री वेन्सेसलाउस फर्टाडो, उप प्रबंधक से फोन नं. 1800 200 5533 या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई–मेल द्वारा या पता–16वां तल, पीजे ज्वेलर्स दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुम्बई–400001 पर संपर्क करें।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि

(1) ई–वोटिंग सोमवार, 31 अगस्त, 2015 (प्रातः 9:00 बजे भा.मा.स.) को शुरू होगी तथा बुधवार, 02 सितम्बर 2015 (सायं 5:00 बजे भा.मा.स.) बंद होगी। रिमोट ई–वोटिंग दी गई तारीख, समय के बाद उपलब्ध नहीं होगी तथा CDSL द्वारा ई–वोटिंग दिए गए समयानुसार निषेध कर दी जाएगी।

(2) वे व्यक्ति जिनका नाम कट–ऑफ तिथि जो कि बृहस्पतिवार, 27 अगस्त 2015 को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपोजिटरी(ओं) द्वारा अनुरक्षित लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में अभिलिखित होगा वे रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा अथवा एजीएम में मत–पत्र द्वारा मतदान करने हेतु योग्य होंगे।

(3) सदस्य जिन्होंने अपना मतदान रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से नहीं किया हो, भौतिक मत–पत्र द्वारा बैठक में अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं;

(4) वे सदस्य जिन्होंने एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मत प्रयोग कर लिया हो, वे एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परंतु उन्हें पुनः मतदान का अधिकार नहीं होगा;

(5) यदि कोई व्यक्ति कंपनी के शेयर का अधिग्रहण सूचना के प्रेषण के पश्चात् करता है और कंपनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात 27 अगस्त, 2015 को अंशधारक होता है तो वह अपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड delhi@linkintime.co.in पर ई–मेल द्वारा अनुरोध कर प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि आप रिमोट ई–वोटिंग हेतु पहले से पंजीकृत है तो आप वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्रयोग कर मतदान कर सकते हैं;

(6) श्री रूपेश अग्रवाल, कम्पनी सचिव, चन्द्रशेखरन एसोसिएट को रिमोट ई–वोटिंग/पोलिंग को निष्पक्षता एवं पारदर्शी तरीके से करने के लिए स्क्रूटनाइजर नियुक्त किया गया है।

(7) वोटिंग के परिणाम वार्षिक आम सभा की समाप्ति के 48 घंटे के अंदर घोषित कर दी जाएगी। परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com और CDSL की वेबसाइट www.cdslindia.com पर दिए जाएंगे, इसके साथ–साथ स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित कर दी जाएगी।

अधिनियम की धारा 91 तथा उसके अधीन लागू नियम और क्लॉज 16 के सूचीबद्धता समझौते के अनुपालन में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर हस्तांतरण पुस्तकें, शुक्रवार, 28 अगस्त से बृहस्पतिवार 03 सितम्बर 2015 तक (दोनों दिन शामिल) रुपये 10 प्रत्येक के इक्विटी शेयर पर लाभांश @2.50 प्रति शेयर की भुगतान हेतु बंद रहेगी यदि यह वार्षिक आम सभा में पारित होता है। 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी शेयरों पर लाभांश यदि वार्षिक आम सभा में पारित होता है तो उसका भुगतान शुक्रवार 02 अक्टूबर 2015 तक या उससे पहले किया जाएगा

कृते **ज्युबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**

हस्ता/–

दिनांकः 04 अगस्त, 2015 **मोना अग्रवाल**

स्थानः नोएडा (उ.प्र.) **कम्पनी सचिव**